आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
गुरुवार 25.09.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :—

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 15 हजार 34 करोड़ रुपये की लागत से 5 हजार 23 एम.बी.बी.एस सीटें और पीजी की पांच हज़ार सीटें बढ़ाने का निर्णय लिया।
- "स्वस्थ नारी—सशक्त परिवार" महाअभियान के तहत प्रदेश में अब तक पांच लाख 45 हजार से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य शिविरों का लाभ उठाया।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर देहरादून में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए उनका स्मरण किया।
- उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग ने नए साल का प्रस्तावित परीक्षा कैलेंडर जारी किया। इसमें 12 विभागों की परीक्षाओं की जानकारी उपलब्ध कराई गई है।

केंद्रीय मंत्रिमंडल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने केंद्र प्रायोजित योजना के तीसरे चरण को मंजूरी दी है। इसके अंतर्गत अगले तीन वर्ष में मौजूदा सरकारी मेडिकल कॉलेजों और संस्थानों में 5 हजार 23 एमबीबीएस सीटें और पीजी की पांच हज़ार परास्नातक सीटें बढ़ाने का निर्णय लिया है। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस बारे में जानकारी दी।

इस योजना की लागत 15 हजार 34 करोड़ रुपये होगी। इस पहल से स्नातक चिकित्सा क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। अतिरिक्त स्नातकोत्तर सीटों के माध्यम से विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपलब्धता बढ़ेगी। इस कदम से छात्रों को भारत में चिकित्सा शिक्षा प्राप्त करने के अधिक अवसर मिलेंगे।

कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान के सेवा विस्तार को मंजूरी दे दी है। वे 30 मई 2026 तक या अगले आदेश तक भारत सरकार के सैन्य मामलों के विभाग के सचिव के रूप में भी कार्य करेंगे। जनरल चौहान को 28 सितंबर 2022 को सीडीएस नियुक्त किया गया था।

स्वस्थ नारी—सशक्त परिवार

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत उत्तराखण्ड में "स्वस्थ नारी—सशक्त परिवार" महाअभियान के तहत प्रदेश में चल रहे स्वास्थ्य शिविरों का अब तक लाखों लोगों ने लाभ उठाया है। 17 सितम्बर से दो अक्टूबर तक चलने वाले इन शिविरों के जरिए जनता को मुफ्त जांच, परामर्श और उपचार की सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। प्रदेशभर में अब तक कुल 10 हजार 672 स्वास्थ्य शिविरों के जरिए पांच लाख 45 हजार 233 लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंची हैं।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि स्वस्थ नारी—सशक्त परिवार' महाअभियान उत्तराखण्ड की महिलाओं और परिवारों के स्वास्थ्य की दिशा में ऐतिहासिक पहल है। उन्होंने कहा कि सरकार का संकल्प है कि हर ज़िले, हर गाँव तक गुणवत्तापूर्ण और निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएँ समय पर पहुँचे। मुख्यमंत्री ने जनता से अपील की है कि वे नजदीकी स्वास्थ्य शिविरों में जाकर जांच, परामर्श और उपचार अवश्य प्राप्त करें। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि यह महाअभियान महिलाओं को न सिर्फ स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध करा रहा है, बल्कि उन्हें जागरूक और सशक्त भी बना रहा है। उन्होंने कहा कि इन स्वास्थ्य शिविरों का उद्देश्य आमजन तक निःशुल्क और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ पहुँचाना है।

स्वच्छता ही सेवा

प्रदेश के विभिन्न जिलों में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के तहत वृहद रूप से स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में टिहरी की जिलाधिकारी नितिका खण्डेलवाल और नगर पालिका परिषद, नई टिहरी के अध्यक्ष मोहन सिंह रावत के नेतृत्व में केमसारी में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने महिलाओं की समस्याएँ सुनीं और खुले नालों को बंद करने, सिवर लाइनों की मरम्मत करने और गीला और सूखा कूड़ा अलग—अलग डस्टबिन में रखने के लिए नगर पालिका को निर्देशित किया।

उधर, भारतीय स्टेट बैंक बागेश्वर शाखा ने आज टैक्सी स्टैंड, गोमती पुल के समीप सफाई अभियान चलाया। इस अवसर पर पौधारोपण भी किया गया। अभियान में बैंक के कर्मचारियों ने आसपास के क्षेत्र की सफाई करते हुए लोगों से अपील की कि वे अपने घरों और कार्यस्थलों के आसपास स्वच्छता बनाए रखें तथा कचरा निर्धारित स्थान पर ही डालें।

दीनदयाल उपाध्याय जयंती

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर देहरादून के दीनदयाल पार्क में स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए उनका स्मरण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने समाज के वंचित, गरीब और पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए जीवनभर कार्य किया। उनकी शिक्षाएं और आदर्श आज भी हमारे लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों और अंत्योदय के संकल्प को राज्य की विकास नीति की प्रेरणा बताया। श्री धामी ने कहा कि राज्य सरकार केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने इसके बाद मुख्यमंत्री आवास में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनका भावपूर्ण स्मरण किया।

परीक्षा कैलेंडर

उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग ने नए साल का प्रस्तावित परीक्षा कैलेंडर जारी कर दिया है। इसमें 12 विभागों की परीक्षाओं की जानकारी उपलब्ध कराई गई है। परीक्षाओं से संबंधित अधिक जानकारी आयोग की अधिकृत वेबसाइट psc.uk.gov.in पर उपलब्ध है।

रेडक्रॉस मदद

भारतीय रेडक्रॉस समिति, बागेश्वर ने जिले के आपदा प्रभावितों को राहत सामग्री वितरित की। साथ ही मनकोट में पूरी तरह क्षतिग्रस्त हुए एक भवन के पीड़ितों को टेंट लगाकर राहत प्रदान की गई। समिति ने कपकोट तहसील के वाछम के 11 आपदा प्रभावितों, सापुली के तीन और आपदा ग्रस्त क्षेत्र पोंसारी के 45 आपदा प्रभावितों को राहत सामग्री का भी वितरण किया गया। समिति के अध्यक्ष इंद्र सिंह फर्स्वाण ने बताया कि रेडक्रॉस टीम लगातार हर क्षेत्र में लोगों की मदद कर रही है और आगे भी करती रहेगी।

हेयर सैलून प्रशिक्षण

चमोली जिले में स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान–आरसेटी, गोपेश्वर की ओर से युवाओं को छह दिवसीय निःशुल्क हेयर सैलून प्रशिक्षण दिया जा रहा है। 27 सितम्बर तक चलने वाले प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को हेयर सैलून संचालन, स्टाइलिंग, कटिंग, केयर और ट्रीटमेंट जैसी सभी तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अभिषेक त्रिपाठी ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण किया और प्रशिक्षणार्थियों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण समाप्त होने के बाद युवाओं को बैंकों से ऋण सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि सभी प्रतिभागियों की दुकानों के लिए एक विशेष ब्रांड नाम दिया जाएगा, जिससे उनकी अलग पहचान बनेगी। इस दौरान एसबीआई आरसेटी के निदेशक मनोहर सिंह असवाल ने बताया कि प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवकों को बैंकों से मिलने वाली ऋण सुविधाओं, आवश्यक प्रक्रियाओं और दस्तावेजों के बारे में जानकारी भी दी गई, ताकि प्रशिक्षण के बाद सभी इच्छुक युवक अपना स्वरोजगार अपना सकें। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवाओं के लिए निःशुल्क रहने, खाने और अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई हैं।